
बजट ▶ कांग्रेस ने कहा उम्मीद नहीं, भाजपा ने कहा मिलेंगी ढेरों सौगातें

# रोजगार के अवसर बढ़ें, महंगाई पर लगाम लगे




**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश का बजट आज विधानसभा में पेश होने जा रहा है। डिप्टी सीएम सह वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा वित्त वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट पेश करेंगे। इस बजट से हर वर्ग को उम्मीदें है। बजट के पिटारे से कितनी सौगातें मिलेगी इस पर सबकी नजर होगी। बजट से पहले महंगाई पर लगाम, युवाओं के लिए रोजगार, विकास की भी मांग उठी है। इस बजट से कृषि क्षेत्र में भी विशेष जोर दिया जा सकता है। किसानों को भी कृषि अधोसंरचना से जुड़ी घोषणाओं की उम्मीद है। आम नागरिक महंगाई, सस्ते पर फोकस कर रहे है तो वहीं कांग्रेस को इस बजट से कोई उम्मीद नहीं है। जबकि भाजपा का कहना है कि बजट रोजगार और अर्थव्यवस्था को और मजबूती देने वाला बजट होगा। ढेरों सौंगातें मिलेगी ।

## इनका कहना है



जबलपुर को ढेरों सौगतें मिलने वाली है। बजट में संस्कारधानी के खाते में भी बहुत कुछ आने वाला है। अर्थव्यवस्था को और मजबूती देने वाला बजट होगा। नई सौगातों के साथ रोजगार, उद्योगों को बढ़ावा देने लिए बजट में प्रावधान किए गए है। युवाओं, किसानों, महिलाओं को भी सौगातें मिले वाली है। स्वास्थ्य क्षेत्र को भी मजबूत किया जायेगा।

**अशोक रोहाणी**
**विधायक, केन्ट विधानसभा**



महंगाई कंट्रोल हो। बेरोजगारों को रोजगार मिले। युवा पलायन कर रहे है। इंफ्रास्ट्रक्चर, विकास, पर्यटन, उद्योग, स्वास्थ्य के लिए उचित प्रावधान किए जाएं अगर ऐसा होता है तो बजट का स्वागत किया जायेगा लेकिन हमें केन्द्रीय बजट को देखकर इस बजट से कोई उम्मीद नहीं है।

**सौरभ नाटी शर्मा**
**अध्यक्ष, नगर कांग्रेस अध्यक्ष**



मध्य प्रदेश में उद्योग को प्रोत्साहन के लिए निश्चित ही बजट आवंटित कर योजना लानी चाहिए जिससे हमारे यहां बने उत्पाद वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा की जा रही ट्रेड डील्स में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकें। जबलपुर को धुरी मानकर हम पर्यटन को बढ़ावा देने की बात करेंगे तो आर्थिक विकास के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

**अखिल मिश्र**
**मानसेवी मंत्री, महाकोशल चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री**



प्रदेश सरकार का पिछला बजट 8 .5 से 9 प्रतिशत रहा है वहीं इस वर्ष केंद्र सरकार ने भी किसानों का बजट लगभग 3 प्रतिशत ही दिया है। दोनों बजट में से भी 30 से 40 प्रतिशत बजट खर्च ही नहीं हो पता है। इसलिए सभी किसानों की मांग है कि प्रदेश सरकार किसानों को लगभग 25 प्रतिशत बजट दे, जिससे कृषि से संबंधित किसी भी विभाग में पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों या अधिकारियों द्वारा बजट न नहीं है इसका रोना ना रोना पड़े।

**के के अग्रवाल**
**अध्यक्ष, भारत कृषक समाज**



महंगाई चरम पर है। बेरोजगारी बढ़ती जा रही है, उम्मीद है कि इस बजट से राहत मिलेगी। युवा पर फोकस होगा। गरीब तबके के लोगों को इस बजट से काफी उम्मीदें है। नौकरियों के अवसरों में वृद्धि आर मासिक भत्ते को बढ़ाने की अपेक्षा कर रहे है ।

**मोहम्मद शमशुद्दीन**
**युवा**



जिस तेजी से इंदौर, उज्जैन, भोपाल और ग्वालियर का जिस तेजी से आर्थिक रूप से विकास हो रहा है, उस तेजी से जबलपुर का विकास नहीं हो पा रहा है। क्षेत्रीय विकास को मजबूत करने वाला हो बजट, महाकौशल की शिक्षा, रोजगार और उद्योगों को प्राथमिकता मिलें। मध्य प्रदेश के बजट में महाकौशल में पर्यटन, कृषि आधारित उद्योग, रियल एस्टेट को मजबूती मिले।

**डॉ. देवेन्द्र विश्वकर्मा**

## पत्थरबाजी-तोड़फोड़, लकवाग्रस्त बुजुर्ग समेत पत्नी घायल

**नवभारत, जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत करमेता क्षेत्र में उधारी के रुपयों को लेकर हुए विवाद में बदमाशों ने एक परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। पथराव के साथ तोड़फोड़ की। हमले में लकवा से ग्रसित बुजुर्ग और उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बपुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से जानकारी के अनुसार करमेता निवासी 45 वर्षीय प्रकाश चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके बेटे आकाश चौधरी ने क्षेत्र के ही सिद्धू झारिया से 5,000 रुपये उधार लिए थे। बीती रात करीब 11:30 बजे सिद्धू झारिया अपने 2-3 साथियों के साथ प्रकाश के घर पहुंचा और आकाश को बाहर बुलाकर पैसों की मांग करने लगा। जब आकाश ने अभी पैसे न होने की बात कही, तो सिद्धू और उसके साथी हंगामा करने पर उतारू हो गए। शोर सुनकर लकवाग्रस्त प्रकाश चौधरी और उनकी पत्नी प्रभा बीच-बचाव करने बाहर आए, तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। आरोपियों ने हाथ-मुक्कों से मारपीट की और सड़क पर पड़े पत्थरों से हमला शुरू कर दिया। इस पथराव में प्रकाश चौधरी के सीने और पैर में चोट आई है, वहीं उनकी पत्नी प्रभा के कमर में गंभीर चोट लगी है।

# अंग्रेजी के पेपर में 436 छात्र रहे अनुपस्थित

**मंगलवार को हुआ दसवीं कक्षा का पेपर, नहीं बना कोई नकल प्रकरण**

**नवभारत, जबलपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा में मंगलवार को दसवीं कक्षा का अंग्रेजी विषय का पेपर हुआ। सहायक संचालक आर के बधान से मिली जानकारी के अनुसार यह परीक्षा जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मिलाकर कुल 100 केंद्रों पर आयोजित हुई। जिसमें 436 विद्यार्थी अनुपस्थित थे। जानकारी के अनुसार जिले में कुल 23103 विद्यार्थी परीक्षा में शमिल होने वाले थे, लेकिन दोनों ही क्षेत्रों में कुल 22776 विद्यार्थियों ने यह पेपर दिया, जबकि 436 विद्यार्थी पेपर में अनुपस्थित थे। इस परीक्षा में कोई भी नकल प्रकरण नहीं बना है। उल्लेखनीय है कि बोर्ड परीक्षा को लेकर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा अनुभाग स्तर, जिला स्तर तथा विकासखण्ड स्तर पर निरीक्षण दलों (फ्लाइंग स्क्वाड) का गठन किया है। वहीं, जिले में स्थित सभी परीक्षा केंद्रों के आकस्मिक निरीक्षण के लिये जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन किया है। परीक्षा वाले दिन टीम ने सभी केंद्रों में पहुंचकर आकस्मिक रूप से निरीक्षण किया और संदिग्ध पाए जाने वाले लोगों की जांच भी की। लेकिन कोई भी नकल प्रकरण सामने नहीं आया।






मॉडल स्कूल में परीक्षा देने आए छात्र-छात्राएं

### आज बारहवीं कक्षा का पेपर

एमपी बोर्ड की परीक्षा के अंतर्गत आज 18 फरवरी को बारहवीं कक्षा में रसायन शास्त्र, इतिहास, व्यावसायिक अध्ययन आदि का पेपर है। जिसमें जिले के लगभग 19 हजार विद्यार्थी शामिल होने वाले हैं। जिसमें विषय के अनुसार इनकी संख्या भी अलग- अलग होगी। यह परीक्षा जिले के सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मिलाकर 100 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। जिसमें सभी प्रकार की व्यवस्थाएं जिला प्रशासन और जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पूर्ण रूप से हो गई हैं।

# दंपती ने पट्टेदारों को दिया कब्जा हटाने का नोटिस

▶ **जमतरा के पीड़ित परिवारों ने लगाई प्रशासन से न्याय की गुहार**



**नवभारत,जबलपुर।** जिले के जमतरा क्षेत्र में पट्टा धारक परिवारों ने कब्जे विवाद को लेकर जिला प्रशासन से न्याय की मांग की है। पट्टेदारों का आरोप है कि प्रियंका पांडे और उनके पति संदीप पांडे ने मिलकर स्थानीय न्यायालय और अतिरिक्त तहसीलदार रांझी के माध्यम से उन्हें 6 मार्च तक अपने वैध कब्जे से हटाने का नोटिस जारी किया। पट्टेदारों के अनुसार, उन्हें 1996 में जमतरा पटवारी हल्का नंबर 50 में रहने का वैध पट्टा मिला था। इस क्षेत्र में संतराम सेन, रमेश प्रसाद यादव, जगन लाल यादव, छेदमी लाल झरिया, प्रभा बाई यादव, दिनेश कुमार झारिया, गीता बाई झारिया, मुन्ना लाल यादव, बलिराम यादव, खुशी लाल यादव, प्यारेलाल यादव और नीलम आरमें सहित लगभग 12 से 13 परिवार निवासरत हैं।

### खसरा 121 खरीदा पट्टेदार रह रहे 122 में

पट्टेदारों का कहना है कि प्रियंका पांडे ने खसरा नंबर 121 खरीदा है, जबकि सभी वैध कब्जाधारी खसरा नंबर 122 पर रह रहे हैं और भूमि का टैक्स नियमित रूप से अदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नोटिस जारी करना उनके अधिकारों का उल्लंघन है और न्यायालय में भी इसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जनसुनवाई के दौरान इन परिवारों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र न्याय और अविलंब कार्रवाई की मांग की।

## जबलपुर होकर चलेगी पुणे-दानापुर स्पेशल

जबलपुर। रेलवे द्वारा आगामी त्यौहारों होली पर यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 01449 पुणे से दानापुर स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 21 से 28 फरवरी तक एवं होली के अवसर पर 01 से 08 मार्च तक प्रतिदिन पुणे स्टेशन से दोपहर 15:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन इटारसी प्रात: 05:40 बजे, जबलपुर सुबह 09:05 बजे, कटनी 10:30 बजे, सतना दोपहर 12:55 बजे पहुँचकर मार्ग से होते हुए तीसरे दिन 02:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी।

# शहर में सप्लाई हो रहा 47 प्रतिशत पानी पीने योग्य नहीं

▶ **नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल में की गई याचिका दायर**





**नवभारत,जबलपुर।** जल जीवन मिशन द्वारा केन्द्र सरकार को प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार जबलपुर के घरों में सप्लाई हो रहा 47 प्रतिशत पानी पीने लायक नहीं है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में पानी 'अत्यंत दूषित' पाया गया है। ऐसी गंभीर स्थिति की जांच उच्च स्तरीय समिति गठित कर तत्काल कराया जाना चाहिए। इस संबंध में डॉ. पी.जी. नाजपांडे व रजत भार्गव ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल में याचिका दायर की है।

याचिकाकर्ताओं ने बताया कि जबलपुर में पीने के पानी की 80 प्रतिशत पाईप लाईनें नाली, नालों से गुजरती है। डिस्ट्रीब्यूशन लाईन की उम्र औसतन 20 वर्ष की होती है, लेकिन पिछले 50 वर्षों से यह पाईप लाईनें बदली नहीं गई है। जबकि इन्हीं पुरानी पाईप लाइनों में बारंबार लिकेज होने से पेयजल दूषित हो रहा है। डीपीआर तक नहीं बनाया है।

### अभी तक नहीं बना डीपीआर

वहीं याचिकाकर्ता के एडवोकेट प्रभात यादव ने बताया कि चिन्ता का विषय है कि पेयजल सप्लाई की 80 प्रतिशत पाईप लाईनें नाली-नालों से गुजरने बावजूद भी उन्हें हटाया या बदलने के लिए न तो ऐसी लाईनों को अभी तक चिन्हित किया गया है और न ही इस पूरे कार्य हेतु डी.पी.आर. बनाया गया है। अत: तत्काल इस संबंध में आदेश दिया जाये, जिससे पाईप लाईनों के लीकेज को दुरूस्त कर 100 प्रतिशत शुद्ध पानी नागरिकों को मिल सके।

# अस्पताल से लाखों के जेवरात चोरी

▶ **नजर हटते ही जेवरों से भरा थैला हुआ गायब**

**नवभारत, जबलपुर।** गोहलपुर थाना अंतर्गत दमोहनाका स्थित मेट्रो अस्पताल में उपचार कराने आए एक परिवार के साथ चोरी की वारदात हो गई। अस्पताल के वेटिंग हॉल में रखा जेवरातों से भरा थैला अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार शिवम अग्रहरि (30), निवासी स्लीमनाबाद जिला कटनी, ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी मां को अचानक सीने में दर्द होने के कारण मेट्रो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ईसीजी जांच के लिए डॉक्टर ने मां के पहने हुए सोने-चांदी के जेवरात उतरवा दिए थे। शिवम ने बताया कि सोने का मंगलसूत्र, अंगूठी, बाली, चांदी की पायल, बिछिया और संतान सातों सहित अन्य जेवर एक थैले में रखकर वेटिंग हॉल में रखे गए थे। रात करीब 12:30 बजे जब परिवार का ध्यान गया, तो जेवरातों वाला थैला वहां से नदारद था। अस्पताल की भीड़ और इलाज की आपाधापी का फायदा उठाकर किसी अज्ञात चोर ने हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके।

# टू वैल्यू कार बाजार के कब्जे को हटाया जाए



**नवभारत,जबलपुर।** गोरखपुर निवासी आशीष साहू ने निगमायुक्त को शिकायत करते हुए बताया है कि पं. बनारसी दास भानोट वार्ड के अंतर्गत नर्मदा रोड मुख्य मार्ग में स्थित मंदबुद्धी, विकलांग बच्चो के स्कूल व छात्रावास की जमीन पर भूमाफिया द्वारा कब्जा कर टू वैल्यू कार बाजार का शोरूम खोलकर संचालित किया जा रहा है। इस कब्जे को जल्द से जल्द हटाया जाने और कार बाजार के लाईसेंस निरस्त करने की मांग आशीष ने निगमायुक्त से की है।

### पावर वाली मोटर लगाई जाए

जनसुनवाई के दौरान अंबेडकर नगर पोलीपाथर निवासी मनसुख चौधरी ने निगमायुक्त को ज्ञापन देकर मांग की है कि अम्बेडकर नगर गली नं. 5 में पावर वाली मोटर लगाई जाए जिससे जलसंकट दूर हो सके। मनसुख के मुताबिक अभी मोटर खराब हो जाने से यहां के सैंकड़ों लोगों को पेयजल नहीं मिल रहा है।

# डिजिटल साधनों से जनगणना के लिए डेटा होगा संकलित



**भोपाल से आए राज्य स्तरीय ट्रेनर ने जनगणना 2027 के लिए दिया प्रशिक्षण**

नवभारत,जबलपुर। जिले में जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर मंगलवार को गहन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रशिक्षण में भोपाल से आए राज्य स्तरीय ट्रेनर ने अधिकारियों और फील्ड स्टाफ को जनगणना की कार्ययोजना और प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस बार जनगणना में डिजिटल माध्यमों का उपयोग किया जाएगा। स्व-गणना पोर्टल (एसई पोर्टल), मोबाइल ऐप (हेलो एप) और मकान सूचीकरण ब्लॉक क्रिएटर वेब पोर्टल के जरिए डेटा संकलित किया जाएगा। जनगणना प्रबंधन और निगरानी प्रणाली पोर्टल के माध्यम से मॉनिटरिंग भी की जाएगी।मास्टर ट्रेनर ने बताया कि 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक लोग अपने परिवार की जानकारी स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से स्वयं दर्ज कर सकते हैं। प्रशिक्षण में डेटा संग्रह, जांच प्रक्रिया, सुपरवाइजर और प्रगणक की जिम्मेदारियों पर भी चर्चा हुई। प्रशिक्षक ने बताया कि यह 1872 से आयोजित 16वीं और स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना होगी। पहली चरण 1 मई से 30 मई, 2026 तक मकान सूचीकरण और मकानों की गणना के लिए होगी, जबकि दूसरी चरण फरवरी-मार्च 2027 में जनसंख्या की गणना होगी।

# दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, चाकू डंडों से हमला, पांच घायल

**नवभारत, जबलपुर।** विजयनगर थाना अंतर्गत 90 क्वार्टर क्षेत्र में देर रात पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हुआ। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर चाकू और डंडों से हमला किया जिसमें दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज कर मामला जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार लीला प्रसाद रजक (53) ने बताया कि सोमवार रात करीब 11:30 बजे जब वह घर पर सो रहे थे, तभी मोहल्ले के अजय उर्फ अज्जू राजपूत, मनीष सिंह और शम्भू प्रसाद ने उनके घर के दरवाजे पर डंडे मारकर हमला कर दिया। विवाद उनके बेटे वरुण से पुरानी बात को लेकर था। जब परिवार के सदस्य बाहर आए, तो आरोपियों ने डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में लीला प्रसाद, मानसी, वरुण और शालिनी रजक को चोटें आई हैं। वहीं दूसरे पक्ष से अजय उर्फ अज्जू राजपूत (25) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह रात में अपनी स्कूटी से घर जा रहा था, तभी पुलिया के पास मनीष रजक ने उसे रोककर शराब के लिए 3 हजार रुपये मांगे। पैसे न देने पर मनीष ने चाकू निकालकर हमला कर दिया, जिससे अजय की उंगलियों, कमर और गर्दन पर चोट आई। अजय का आरोप है कि जब वह अपने भाई और पिता के साथ स्कूटी लेने वापस गया, तो मनीष रजक और लीला प्रसाद ने उनके साथ भी मारपीट की।

बैठक ▶ जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हुए महत्वपूर्ण निर्णय

# शहर के व्यस्त मार्गों पर लगेगी ई-रिक्शा के संचालन पर रोक



**नवभारत,जबलपुर।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की मंगलवार को संपन्न हुई बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय की मौजूदगी में आयोजित की गई इस बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने व्यस्तम मार्गों और भीड़ भाड़ वाले इलाकों में ई-रिक्शा और पिकअप वाहनों के संचालन पर निश्चित समय के लिये रोक लगाने, ई-रिक्शा संचालन के लिये रुट निर्धारित करने तथा मंडला और डिंडोरी जाने वाली यात्री बसों के शहर के भीतर संचालन बंद करने मंडला और डिंडौरी मार्ग पर बस स्टैंड के लिये स्थान चिन्हित करने का फैसला भी लिया गया। शहर के भीतर यातायात में बाधक यूनिपोल को चिन्हित कर हटाने के निर्देश भी बैठक में दिये गये। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा बायपास पर अवैध पार्किंग को रोकने अंधमूक चौराहे से रिंगरोड तक ट्रकों की पार्किंग के लिये 14 स्थान चिन्हित किये गये हैं। बैठक में नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना तिवारी, स्मार्ट सिटी के सीईओ अनुराग सिंह तथा लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम एवं सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### शहर के सभी प्रवेश मार्गों से हटेंगे अतिक्रमण

इनमें चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर संकेतक, ब्लिंकर्स, रिफ्लेक्टर्स और प्री-फेब्रिकेटेड डिवाइडर लगाने, डिवाइडर की रंगाई-पुताई करने, प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने तथा जहाँ आवश्यकता हो वहाँ सर्विस रोड बनाने का निर्णय शामिल है। इसके साथ ही बायपास रोड पर अंधमूक चौराहे सहित शहर के सभी प्रवेश मार्गों की सर्विस रोड पर हुये अतिक्रमणों को हटाने तथा भारी वाहनों की अवैध पार्किंग को प्रतिबंधित करने का निर्णय बैठक में लिया गया।

### दीनदयाल चौक की रोटरी का बनेगा नया ले-आऊट

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बताया गया कि रानीताल चौराहा और बलदेवबाग चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल जल्द ही चालू हो जाएंगे। जाम की स्थिति को देखते हुए दीनदयाल चौक की रोटरी का नया ले-आऊट तैयार हो जाने पर यहाँ भी ट्रैफिक सिग्नल लगाये जाएंगे। इसके अलावा बल्देवबाग से ट्रांसपोर्टर्स के ऑफिसों को चण्डालभाटा स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में शीघ्र शिफ्ट कराने के निर्देश बैठक में दिये गये।











